राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur



हवामहल

बच्चों का झरोखा

04 फरवरी 2023: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 43

मैं तोता मैं तोता

आज की कविता

तोता हरे रंग का होता है ये तो सबको पता है, पर वो क्या खाता है? क्या बोलता है? वो क्या क्या कर सकता है? ये हम नहीं जानते। अगर तोता ही गाना गाकर हमको इस बारे में सबकुछ बताए तो कितना मजा आए। तो आओ सुनते हैं तोता का ये गाना। गाना सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Kids Channel

बहादुर मीमी

आज की कहानी

पांडू और मंगला के घर में एक पालतू बिल्ली मीमी रहती है। मीमी की रोज रात भर की म्याऊं म्याऊं पांडू को सोने नहीं देती और वो मीमी से बहुत गुस्सा है। पर एक दिन मीमी की बेर बेर से वह जगता है तो नज़ारा देखकर मीमी के सर पर प्यार से हाथ फेरता है। एसा क्या हुआ उस रात? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर कहानी सुने और देखे।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

गाँव का पेड़

आज की किताब

एक पेड़ से कितनी सारी यादें जुड़ी रहती हैं। गाँव में पेड़ एक दोस्त की तरह है जो बोलता तो नहीं लेकिन सोचता और समझता सबकुछ है। नदी किनारे का वो पेड़ जो बचपन का साथी था। झूला , कुर्सी , बिस्तर, खेल -खिलौने सब बनता था हमारे लिए; क्या वो अब भी वहाँ खड़ा हमारा इंतजार कर रहा होगा ? पूरी कहानी पढ़ने के लिये चित्र पर क्लिक करें।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

क्लाईम्बर तितली

आज की गतिविधि

बसंत का महीना है। फूलों के खिलने के दिन हैं। आपने ऐसे में उड़ने वाली तितलियाँ तो बहुत देखी होंगी। लेकिन क्या आपने ऊपर चढ़ने वाली तितली देखी है? ये तितली डोरी खींचने पर ऊपर की ओर चढ़ती है। एक गत्ते का टुकड़ा , पेन की दो खाली रीफ़ील, एक डोरी की मदद से आप इसे बना सकते हो। बनाने की विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करो।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

मैं, स्कूल और किताबें

टीचर्स कॉर्नर

अगर किताबों का चस्का लग जाए तो फिर अच्छा पाठक बनने में कोई रुकावट नहीं। एक शिक्षक के पाठक बनने की क्या यात्रा रही और पाठक बनने के क्या मायने हैं, ये बता रहे हैं अपने इस आलेख में मुकेश मालवीय। यह भी कि किस तरह उन्होंने स्कूल लाइब्रेरी को सक्रिय किया और बच्चों को उसमें जोड़ा। आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

खिचड़ी कहानी का नाट्य मंचन

हमारा पुस्तकालय

खिचड़ी ऐसी कहानी है जो देश के कोने कोने में प्रचलित है । इसके पात्र और घटनाएं हमें बड़े जाने पहचाने से लगते हैं। इस कहानी को सुनना और सुनाना दोनों ही मजेदार है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेल्वे स्टेशन, भरतपुर, राजस्थान के कक्षा 3 और 5 के बच्चों ने इसे अपने अंदाज में प्रस्तुत किया है । बच्चों की ये प्रस्तुति देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। RSLPP

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 145वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।